Annual Report (1973-74) of the National Institute for Training in Industrial Engineering, Bombay

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (PROF. S. NURUL HASAN) : Sir, I beg to lay on the Table a copy (in English and Hindi) of the Annual Report of the National Institute for Training in Industrial Engineering, Bombay, for the year 1973-74. [Placed in Library. *See* No. LT-9196/75]

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Situation arising out of Reported Closure of Banaras Hindu University

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (उत्तर प्रदेश) : सभापति जी, मैं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय को अनिश्चित काल के लिए बन्द कर देने के समाचार और उससे उत्पन्न स्थिति की ओर शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री का ध्यान आकर्षित करता हूं।

[**Mr. Deputy Chairman** in the Chair.]

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (PROF. S. NURUL HASAN) : Sir, . .

According to information received from the Government of Uttar Pradesh and authorities of the Banaras Hindu University on the morning of March 13, 1975 the Vice-Chancellor administered the oath of office to the newly elected office bearers of the Students Union of Banaras Hindu University. Immediately after the office bearers had taken the oath, Shri Bharat Singh, General Secretary of the Union delivered a speech declaring that he will not allow the Vice-Chancellor's 'goondaism' and that he will take revenge against the Vice-Chancellor for all he has done during the last five years. He further said that from now onwards, even a leaf will not flutter in the University without his permission. He also threatened the Vice-Chancellor to leave the University immediately. The Vice-Chancellor passed in the afternoon of the same day orders expelling Shri Bharat Singh from the University for serious breach of discipline and gross misconduct.

At about midnight, a mob of students, led by Shri Bharat Singh, broke into the Vice-Chancellor's Lodge demanding cancellation of expulsion orders and indulged in acts of brick-batting, vandalism, hooliganism and looting. Sensing that there was imminent danger to the life of the Vice-Chancellor and threat of further damage to University property, the Police was called in the University and on its arrival the mob dispersed. The Vice-Chancellor ordered the closure of the University *sine die* and also asked students to vacate hostels.

There has been no disturbance on the campus since the closure of the University. Police has been posted in the campus for protection.

This hon'ble House will appreciate that academic life cannot go on in an atmosphere of violence and intimidation. Government is anxious that the sanctity of the University should be maintained. Acts of violence, threats, intimidation and abuses, particularly towards teachers can have no place in temples of learning, for such acts go against the best traditions of our culture. I would like to recall the objectives of the establishment of this great institution as enunciated by its founder, Pt. Madan Mohan Malaviya. One of the main objectives of the University was "to promote the building up of character in youth".

Through this House, therefore, I should like to appeal to all sections of the society to use their influence in restoring conditions where the great objectives on which the University is based may be pursued.

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : उपसभापति जी, बनारस भारत के उन भाग्यशाली नगरों में है जिसमें अकेले एक नगर में 4 विश्वविद्यालय हैं—हिंदू विश्वविद्यालय, काशी विद्यापीठ, संस्कृत विश्वविद्यालय और अगर मैं भूल नहीं करता, तो सारनाथ में भी उसी तरह की बौद्ध संस्कृति के विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। इनमें हिंदू विश्वविद्यालय की जो अपनी परम्पराएं और इतिहास रहा है उसकी दृष्टि से यह सबसे बड़ा विश्वविद्यालय माना जाता है। किसी समय यह विश्वविद्यालय हमारे स्वाधीनता संग्राम का नेतृत्व भी करता

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

रहा है। लेकिन दुर्भाग्य से कुछ समय से यह विश्वविद्यालय संकुचित जातिवाद और राजनीति का अखाड़ा बन गया है; जानबूझ कर कुछ लोग इसकी परम्पराओं और स्वरूप को नष्ट-भ्रष्ट करने पर तुले हुए हैं। देश का प्रमुख केन्द्रीय विश्वविद्यालय होने के बावजूद, मेरी अपनी इस प्रकार की मान्यता है कि शिक्षा मंत्रालय को भी इस विश्वविद्यालय की ओर ध्यान जितना देना चाहिए था उतना ध्यान नही दिया गया। उसके दो उदाहरण मैं देना चाहता हूं। पहले तो मैं यही चाहूंगा कि शिक्षा मंत्री अपना उत्तर देते समय इस बात को अवश्य बताएं कि जब से वे शिक्षा मंत्री बने तब से वे कितनी बार केन्द्रीय विश्वविद्यालयो में गए।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हिन्दू विश्वविद्यालय को जो पीछे धन दिया गया है केन्द्रीय सरकार से—मेरे पास जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की रिपोर्ट है अगर उसके आंकड़े सही हैं तो उन्ही के आंकड़ों से बताना चाहता हूं—मैं केवल अलीगढ़ और बनारस इन दो विश्वविद्यालयो को ही ले लेता हूं, कि अलीगढ़ विश्वविद्यालय के अंदर छात्रों की संख्या है 9769 और बनारस में है 14399 अध्यापक अलीगढ़ में है 869 और बनारस में है 1188। लेकिन जो उन्होने प्लान के अंतर्गत दोनो को धन दिया है उससे अनुमान लगाइए कि शिक्षा मंत्रालय किस प्रकार से बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की उपेक्षा कर रहा है। अलीगढ़ को 1969-70 में दिया है 1,06,61,779.23; बनारस को दिया है 1,00,48,529.54 रु०; 1970-71 मे दिया है अलीगढ़ को 79,28,604.36 और बनारस को दिया है 77,78,264.83 रु० और 1971-72 में अलीगढ़ को दिया है 3,42,82,361 और बनारस को दिया है 22468401.57 रु०। इससे आप अनुमान लगा लीजिए कि शिक्षा मंत्रालय किस प्रकार से विशेष रूप से बनारस विश्वविद्यालय के संबंध में उपेक्षा की नीति अपनाए हुए है। छात्रों के संघों का जो निर्वाचन होता है, मेरी अपनी इस प्रकार की मान्यता है कि हिन्दू विश्वविद्यालय मे उपकुलपति से चपरासी तक वहां के छात्र संघ के निर्वाचन में रुचि लेते हैं, कुछ तो अपनी राजनैतिक मान्यताओं के कारण लेते है और कुछ संकुचित जातिवाद में आकर लेते हैं। यों तो जातिवाद सभी जगह आपको मिलेगा, मगर बनारस में जो जातिवाद है वह जातिवाद नहीं, उप-जातिवाद है, सब-कास्ट वहां पर चलता है, मैं विस्तार से इसकी व्याख्या नही करना चाहता। मैं डा० श्रीमाली जो बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के उपकुलपति हैं उनकी योग्यता और अनुभव से अच्छी तरह परिचित हूं। हालांकि व्यक्तिगत रूप से मैं उनका प्रशंसक रहा हूं, केन्द्र में शिक्षा मंत्री के नाते और मैसूर में उपकुलपति के कार्यकाल मे भी उनको अच्छी सफलता मिली है लेकिन मेरी समझ मे नही आता कि वाराणसी में जाकर, नमक की झील में डा० श्रीमाली जैसे शिक्षा-शास्त्री वहा की संकुचित राजनीति में क्यो पड़ गए? वहां के जो छात्र संघ है उनमें तीन संगठन काम करते हैं—विद्यार्थी परिषद्, समाजवादी युव जन सभा और तीसरा स्टूडेंट्स फेडरेशन। उपकुलपति किसी भी विश्वविद्यालय का हो, वह विद्यार्थियों के संगठनो को समान रूप से सम्मान दे या किसी के साथ भी अपना संबध न रखे। अगर किसी संगठन विशेष की पीठ किसी विशेष विश्वविद्यालय का उपकुलपति थपथपाता है तो उसका अर्थ होता है उनका झुकाव एक पक्ष की ओर है। अभी अक्तूबर मे उत्तर भारत स्टूडेन्ट्स फेडरेशन का अधिवेशन बनारस विश्वविद्यालय के कैम्पस के अंदर हुआ, डा० श्रीमाली ने उसका उद्घाटन किया। लेकिन हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति को स्टूडेन्ट्स फेडरेशन के उद्घाटन के अवसर पर श्री जयप्रकाश नारायण के आन्दोलन को बीच में लाने की क्या जरूरत थी और श्री जयप्रकाश जी की वहा पर चर्चा करने की क्या आवश्यकता थी? श्री जयप्रकाश जी का जो आन्दोलन है, वह एक फासिस्ट आन्दोलन है, इस प्रकार के शब्द कहने की क्या आवश्यकता थी? उसी से यह पता लगा कि विश्वविद्यालय के जो कुलपति है उनको किस प्रकार का एक पक्षीय रुख बराबर बनता ही चला जा रहा है।

अब यह जो विवाद प्रारम्भ हुआ है वह छात्र संघ के निर्वाचन को लेकर हुआ है। हिन्दू विश्वविद्यालय बनारस के इस छात्र संघ के नए निर्वाचन में यह सौभाग्य की बात है कि जो ग्रुप निर्वाचित हुआ है छात्र संघ का, वह ग्रुप है जो श्री जयप्रकाश नारायण जी के आन्दोलन का हृदय से समर्थक है। अब उसको लेकर कुलपति थोड़ी-बहुत कठिनाई में पडे हुए है। उन्होने सोचा कि किस प्रकार से इसको रोका जाए। एक तो

कुछ इस प्रकार का वातावरण बना कि जिसकी वजह से वहां पर छात्र संघ काम न कर सके। जिसकी चर्चा अभी आपने भी की है। छात्र सघ के जो महामंत्री है, जब उन्होंने शपथ ली तो शपथ लेने के बाद विद्यार्थियों द्वारा चुने हुए महामंत्री के निष्कासन का अधिकार कुलपति को दे दिया जाए तो फिर विश्वविद्यालय में गरमी पैदा होगी ही। इसके बाद जो नतीजा निकलता है उसके लिए छात्रों को अपराधी ठहराया जाएगा या कुलपति को अपराधी ठहराया जाएगा जिसने विद्यार्थियों के चुने हुए महा मंत्री को इस प्रकार शपथ लेने के बाद विद्यालय से निष्कासित कर दिया ? निष्कासित ही नही किया बल्कि ये छात्र अपनी विश्वविद्यालय की यूनियन का उद्घाटन श्री जयप्रकाश नारायण जी के द्वारा कराना चाहते थे उसे भी मना किया। मेरे हाथ मे यह बनारस का "आज" पत्र है, इसमे स्वय बनारस के कुलपति डा० श्रीमाली का वक्तव्य है। मैं श्री नूरुल हसन को विशेष रूप से यह बताना चाहता हूं कि जो उन्होंने उसमे वक्तव्य दिया है उसमें स्पष्ट यह कहा कि मैं विश्वविद्यालय के वर्तमान छात्र संघ के अधिकारियों से यह कहना हूं कि मेरी राय मे यदि ऐसी स्थिति में श्री जयप्रकाश नारायण जी यहां नहीं आए तो अच्छा है। इस तरह की बात को कुलपति द्वारा कहने की क्या आवश्यकता थी ? इसका परिणाम यह हुआ कि एक ओर तो छात्र सघ के महामंत्री का निष्कासन कर दिया गया और दूसरी ओर कुलपति द्वारा छात्र सघ के अधिकारियों को यह कहना कि श्री जयप्रकाश नारायण जी को विश्वविद्यालय मे न बुलाया जाए, आग में घी पड़ने वाली बात हुई। इसको लेकर वहा पर सुबह ही छात्रो को पुलिस ने यह ऐलान करके कि चौबीस घंटे के अन्दर छात्रावास खाली कर दिया जाए, एकदम विद्यार्थियों के अन्दर बेचैनी फैला दी और इसी की वजह से आज यह स्थिति पैदा हो गई है। हिन्दू विश्वविद्यालय से छात्रो को निष्कासित कर दिया गया है और सारे विश्वविद्यालय मे पुलिस की छावनी बनी हुई है। आज विश्वविद्यालय के अन्दर पुलिस ने अपना घेरा डाला हुआ है। लेकिन अब इसमे एक और कठिनाई उपस्थित हो गई है और वह यह है कि जब इस प्रकार के आदेश दिए जाते है, तो जो बनारस के छात्र हैं, जो आजमगढ़ के छात्र है, जो गोरखपुर के छात्र हैं, जो गाजीपुर के छात्र हैं, वे तो अपने घर चले जाएंगे, लेकिन जो छात्र थाईलैंड के हैं, बर्मा के हैं, सीलोन के हैं, उन छात्रों की क्या स्थिति होगी ? इस प्रकार से निष्कासन के आदेश दे दिए जाते हैं, तो उनको सोचना चाहिए कि जब कभी इस तरह से विश्वविद्यालय बन्द किया जाए, तो बन्द करते समय जो छात्रों को निष्कासन के आदेश दिए जाते हैं, उसमें विशेष रूप से जो विदेशी छात्र और छात्राए पढ़ती है, उनमें थोडा-सा अन्तर रखना होगा, पृथकता रखनी चाहिए जो भारतीय छात्र हैं और विदेशी छात्र हैं, उन सबको एक रूप मे और एक डडे मे हांकना कहां तक उचित है ? इन विदेशी छात्र और छात्राओ मे यह कहना कि एकदम छात्रावास खाली कर दो और बनारस की गदौलिया में जाकर पड़े रहो या रेलवे स्टेशन मे जाकर पडे रहो, कहां तक उचित है ? इस प्रकार के जो आर्डर थे, वे छात्रो मे असतोष की आग भडकाने वाले थे और न ही समस्या के समाधान करने मे सहायक ही हो सकते हैं।

दूसरी बात यह है कि इस प्रकार कुलपति के आदेश का परिणाम यह हुआ कि छात्रो की परीक्षाए बिलकुल सिर पर आ गई है, उसमे बाधा पड़ जाएगी। इस प्रकार से छात्र सघ के महामंत्री को श्री जयप्रकाश नारायण जी के समर्थक होने के नाते उनके निष्कासन के आदेश दे देना और छात्र सघ को वहां पर कार्य न करने देने का परिणाम यह होगा कि जो 12 हजार विद्यार्थी वहां पर पढ़ते हैं उनका भविष्य अधकार मे पड़ जाएगा। इसलिए सबसे बड़ी बात तो यह है कि जो विश्वविद्यालय की अपनी परम्परा है, हमारे देश मे जो केन्द्रीय विश्वविद्यालय है उनका अपना एक इतिहास है। जो राज्य-स्तर के विश्वविद्यालय है, उनको छोड़िये, लेकिन जो केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, उनकी कम-से-कम परम्पराओं की रक्षा करने के लिए हमको कुछ कदम उठाने चाहिए।

यह एक विवादास्पद बात है कि एक विद्यार्थी ने शपथ लेते वक्त इस प्रकार का भाषण दिया। मैं चाहूंगा कि इसकी जानकारी करा ली जाए और विश्वविद्यालय के वक्तव्य पर या यू० पी० सरकार के वक्तव्य पर न जाया जाए। बल्कि केन्द्रीय सरकार अपने अधिकारियो को भेज कर इसकी जानकारी प्राप्त करे। लेकिन थोड़ी देर के लिए मान भी लिया जाए कि जो वक्तव्य

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

मंत्री जी ने पढ़ कर सुनाया है, वह ठीक है, तो अगर मैं डा० श्रीमाली की जगह पर होता तो इस प्रकार के शब्द कह भी दिए होते, तो यह काम मेरा होता कि विश्वविद्यालय के कुलपति को किसी छात्र संघ से किस प्रकार से डील करना चाहिए, कैसे उनकी भावनाओं को सम्भालना चाहिए और किस तरह से उनकी पीठ थपथपा कर काम लेना चाहिए, न कि विद्यार्थियों को निकाल कर कैम्पस से बाहर कर दिया जाए और इस तरह से छात्रों को आन्दोलन करने का अवसर दे दिया जाए। इस समस्या का समाधान इस तरह की बातों के करने से नहीं होता है क्योंकि विद्यार्थी कच्ची उम्र के होते है और उन्हें किस प्रकार से सम्भाला जाना चाहिए, यह बात शिक्षा शास्त्रियों को सोचनी चाहिए।

मैं अपनी बात समाप्त करने से पहले अंत में दो-तीन बात और कहना चाहता हूं। एक तो यह कि इस सारी घटना की जांच के लिए उच्चस्तरीय आयोग की नियुक्ति होनी चाहिए, हाउस की कमेटी बनानी चाहिए, दोनों सदनों के सदस्य मिल कर जाएं और देखें कि वास्तविकता क्या है, जो कहना आपका है उसमें कोई जान है या जो विद्यार्थी कह रहे है उसमें जान है ताकि विश्वविद्यालय का वातावरण और खराब न हो। दूसरे, छात्रों की जो उचित मांगे है उन पर तत्काल अनुकूल निर्णय होना चाहिए। छात्र पहले आन्दोलन करें, फिर विश्वविद्यालय के अधिकारी निर्णय ले, यह प्रवृत्ति शिक्षा मंत्रालय को रोकनी चाहिए। तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्री को वर्ष में एक बार अवश्य जाना चाहिए, अध्यापकों के साथ बैठक करनी चाहिए, विद्यार्थियों के साथ बैठक करनी चाहिए ताकि सीधे उनका सम्पर्क हो सके और वे वहां की समस्याओं का सीधे अध्ययन कर सकें, बीच में राज्य सरकार और विश्वविद्यालय के अधिकारी न आएं। दूसरे, हिन्दू विश्वविद्यालय छात्र संघ के अधिकारियों को, जिनको निकाल दिया गया है, वापस ले ताकि इस आग को शांत किया जा सके। पीछे कुछ विद्यार्थी इसी तरह निकाले गए थे। उन विद्यार्थियों में ऐसे विद्यार्थी भी निकले है--मैं एक-एक का नाम नहीं लेना चाहता--जिन्होंने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है, इंजीनियरिंग के विद्यार्थी है। लेकिन चूंकि वे वैचारिक दृष्टि से जयप्रकाश जी के समर्थक है इसलिए विश्वविद्यालय से निकाल कर बाहर कर दिए गए। पीछे छात्रों ने आन्दोलन किया तो वाइस चांसलर ने 7 छात्रों की एक छात्र कल्याण समिति बनाई। उस छात्र कल्याण समिति ने सर्वसम्मत रिपोर्ट दी कि इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को वापस लिया जाए। उसके बाद भी वापस नहीं लिया जाता। उपकुलपति ने समिति बनाई और उसके सर्वसम्मत सुझावों को नहीं माना जाता तो आन्दोलन फिर बढ़ेगा। शिक्षा मंत्री स्वयं शिक्षा शास्त्री हैं, मैं चाहूंगा कि वे इस समस्या पर शांति से विचार करें और हिन्दू विश्वविद्यालय जल्दी से जल्दी खुल सके इसकी वे कोई अनुकूल व्यवस्था करें।

प्रो० एस० नूरुल हसन: मान्यवर, जिस उम्मीद का इजहार माननीय सदस्य ने किया है मैं उसमें उनसे पूरी तरह सहमत हूं। मैं भी आशा करता हूं कि विश्वविद्यालय जल्द से जल्द अपना नार्मल काम शुरू कर सकेगा। मैं माननीय सदस्य का बेहद आदर करता हूं। मैं जानता हूं कि उनके दिल को तकलीफ पहुंची उसी तरह से जैसे हर उस शख्स के दिल को तकलीफ पहुंची है जो यूनीवर्सिटी का खैरख्वाह है, जो चाहता है कि शिक्षा की तरक्की हो।

माननीय सदस्य ने खास सवाल यह किया कि मैं बनारस कितनी बार गया मंत्री बनने के बाद। मैं दो मर्तबे जा चुका हूं। छात्र संगठन के नुमाइन्दों से मेरी बहुत तफसीली गुफ्तगू पार साल हुई है। वहां के टीचर्स एसोसिएशन के डेपूटेशन से मेरी तफसीली गुफ्तगू अक्टूबर के महीने में हुई है। जब भी कोई टीचर या स्टूडेंट मुझसे मिलना चाहता है तो मैं बड़ी खुशी से उससे मिलता हूं। मैं यह अपना फर्ज समझता हूं कि उनकी बातें जानूं और उनकी राय से वाकफियत हासिल करूं। बनारस यूनीवर्सिटी के मुख्तलिफ टीचर्स व्यक्तिगत रूप से और विद्यार्थी मुझसे कई-कई मर्तबा मिल चुके हैं--कई मर्तबा मुख्तलिफ माननीय सदस्यों के जरिये से मिले है, कई मर्तबा स्वयं मिले है। मुझे वाकफियत हासिल रहनी चाहिये यह बिलकुल जरूरी है, मैं इससे सहमत हूं, लेकिन मैं चाहता हूं कि इसी के साथ-साथ ऐसी सूरतेहाल न पैदा हो जाय कि लोग यह समझें,

किसी यूनीवर्सिटी के तालिबइल्म यह समझे कि उनकी यूनीवर्सिटी शास्त्री भवन चला रही है और हर बात में मिनिस्टर कोर्ट आफ अपील बने हुए हैं। अगर यह हुआ तो उसमें यूनीवर्सिटी का हाल बेहतर नहीं होगा, उसमें कठिनाइयां होंगी। मैं समझता हूं कि इसके ऊपर आम तौर पर एग्रीमैंट होगा कि हमें यूनीवर्सिटी की आटोनोमी को जहां तक हो सके बरकरार रखना चाहिये।

दूसरी बात यह है कि माननीय सदस्य ने कम्पेरेटिव फिगर्स बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी और अलीगढ़ यूनीवर्सिटी के खर्चे की दी। मेरे पास दो वर्षो की फिगर्स है।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मैंने नहीं दी हैं, ये यू० जी० सी० की रिपोर्ट में दी हुई है।

प्रो० एस० नूरूल हसन : मेरे पास लेटेस्ट फिगर्स मौजूद हैं जिन्हें मैं हाउस के सामने पढ़ देता हूं। उससे माननीय सदस्यों को अन्दाजा हो जाएगा। सन् 1972-73 में प्लान के तहत—मैं इसलिये कह रहा हूं प्लान पीरियड के लिये एक ग्रान्ट निर्धारित की जाती है अब उसमें से यूनिवर्सिटियां ड्रा करती रहती है। कभी कोई ज्यादा ड्रा कर लेती है, कभी कोई कम ड्रा करती है। बहरहाल, 1972-73 के प्लान के दौरान अलीगढ़ को एक करोड़ 21 लाख की ग्रान्ट रिलीज हुई और बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी को 2 करोड़ 12 लाख की। नान-प्लान में अलीगढ़ को 2 करोड़ 42 लाख और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी को 3 करोड़ 10 लाख की ग्रांट रिलीज हुई। कुल मिला कर प्लान्ड और नान-प्लान्ड में 1972-73 में अलीगढ़ को 3 करोड़ 63 लाख और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी को 5 करोड़ 22 लाख की ग्रान्ट मिली। 1973-74 में प्लान में अलीगढ़ को 86 लाख और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी को 2 करोड़ 29 लाख और नान-प्लान्ड में अलीगढ़ को 2 करोड़ 66 लाख और बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी को 3 करोड़ 40 लाख। इस तरह से कुल मिला कर 3 करोड़ 52 लाख अलीगढ़ को और 5 करोड़ 59 लाख बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी को रिलीज हुई है। माननीय सदस्य ने यह कहा कि जातिवाद वहां पर है। इसकी खबरें जनाबे-वाला मुझ तक भी पहुंची है और मुझको इस का बड़ा दुख है। मुझे इस बात की चिन्ता भी है और इस बात से मैं परेशान भी हूं और इस को मैं बहुत ही इन्डिस्पेसेबिल समझता हूं कि पढ़े लिखे लोग भी कास्टइज्म के इतने शिकार बन जायें कि वह अपने सोचने में और व्यवहार में कास्टइज्म से मुतासिर हों और इस सिलसिले में मैं बिलकुल सहमत हूं माननीय सदस्य से कि इस कास्टइज्म की या सब-कास्टइज्म की जो खबरें आ रही हैं उनके खिलाफ एक पब्लिक ओपीनियन, एक वातावरण ऐसा बनना चाहिये कि जिस से पूरे मुल्क में खास तौर पर यूनिवर्सिटीज में यह चीज न हो और यूनिवर्सिटीज में तो इस की कोई जगह नहीं होनी चाहिये।

पालिटिक्लाइजेशन का जहां तक सवाल है, मान्यवर, मैं यह राय तो कभी नहीं दूंगा कि विद्यार्थियों को पालिटिक्स में दिलचस्पी नहीं लेनी चाहिये और विद्यार्थी नान-पोलिटिकल हो जायें। मैं यह समझता हूं कि बहुत से माननीय सदस्य यहां ऐसे है और आप का यह नाचीज खादिम भी उन्हीं में है कि जिस ने अपने विद्यार्थी होने के जमाने में पालिटिक्स में दिलचस्पी ली। लेकिन एक बात पर मैं पूरी तरह से सहमत हूं और मुझे इस की बेहद चिन्ता है और मैं आप के द्वारा इस सदन से और पूरे देश से यह अपील करना चाहता हूं कि कुछ भी लड़ाई झगड़ा पालिटिक्स का हो, लेकिन बराय मेहरबानी हमारे एजूकेशनल इस्टीट्यूशन्स को अगर सियासत का अखाड़ा इस तरह बनाया गया कि जिस में विश्वविद्यालय और दूसरे एजूकेशनल इस्टीट्यूशन डिस्रप्ट हो जाय कि जिस से पूरी एकेडेमिक लाइफ डिस्रप्ट हो जाय, कि जिस से वह वक्त जो विद्यार्थियों को अपनी जिन्दगी में मिलता है वह खो जाय और जो फिर कभी उन को हासिल न हो पाये और जो मुल्क इतना पैसा खर्च करता है, क्योंकि यह देश का ही पैसा है, वह सब जाया हो जाये और इस के जो असरात मुल्क के भविष्य पर पड़ने वाले है

[प्रो० एस० नूरुल हसन]

वह बुरे हो, तो मैं यह जरूर अपील करूंगा– इस में कायदे कानून बनाने की बात तो मेरी समझ में नही आती, लेकिन मैं अपील करूंगा कि इस पर तमाम देश के राजनीतिक लीडर्स को विचार करना चाहिये कि ऐसी बात न होने पाये कि जिस से हम अपने विश्वविद्यालयो को और अपने एजूकेशनल इस्टीट्यूशन्स को एक पोलिटिकल स्ट्रगल का एरीना बना दें। आइडियालाजिकल स्ट्रगल जरूरी होनी चाहिये। क्योंकि मैं समझता हू कि जब तक क्लैश आफ आइडियाज नही रहेगा तब तक यूनिवर्सिटीज आगे नही बढ़ेंगी। लेकिन उस के फलस्वरूप यह नही होना चाहिये कि वहा इंटिमिडेशन और वायलेस या इस किस्म की और चीजें हों, क्योंकि अगर एकैडेमिक लाइफ मे यह चीजें आयेंगी तो जो एकेडिमिक लाइफ की खूबी है, जो उस की विशेषता है उस को बहुत बड़ा धक्का पहुंचेगा।

मुझे इस बात पर जरा ताज्जुब होता है कि और कोई एतराज करता तो कर लेता, लेकिन जो मौजूदा वाइस चांसलर बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी के हैं उनके बारे मे इस मुल्क मे कौन नही जानता और इस सदन मे बहुत से लोग हैं जो उनको अच्छी तरह जानते है। जब वह यहा शिक्षा मंत्री थे तो, और उस के बाद माननीय सदस्य उन को खुद बहुत अच्छी तरह से जानते है और यह जानते हैं कि उन्होंने किस तरह से शिक्षा मंत्री की हैसियत से यहा काम किया है। और किस तरह से मैसूर विश्वविद्यालय मे उन्होंने काम किया और बड़ी अच्छी खिदमत अजाम दी। उनको अब अपनी पार्टी के सदस्य होने के नाते अपनी राय इस तरह नही बदलनी चाहिये। जो शिकायतें उनकी पार्टी के लोग किया करते हैं उसके ऊपर जिस आदमी को सारी जिन्दगी हमने देखा उसकी यह समझ लेना कि वह बिलकुल बदल गया, यह सही नही है।

मैं अर्ज करना चाहता हू कि कुछ फैक्ट्स जो माननीय सदस्य को दिये गये हैं उनमें कुछ डेट की भी गड़बड़ है। जहा तक मुझे सुनने में आया है। उन्होंने बाबू जयप्रकाश नारायण जी की चिट्ठी भेजी इस इंसिडेंट के बाद जिसका मैंने अभी जिक्र हाउस में किया है। इस इंसिडेंट के पहले उन्होंने नही कहा कि जयप्रकाश जी वहां के छात्र संघ का उद्घाटन न करें।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री: मै यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि बनारस से जो पत्र निकलता है आज जो वहां का प्रमुख पत्र है, यह उसने कहा है कि बनारस विश्वविद्यालय बन्द होने के बाद डा० श्रीमाली ने प्रेस स्टेटमेंट दिया है। इसमें उन्होंने कहा है कि मैंने विद्यार्थियों से आग्रह किया था कि जयप्रकाश जी अगर यहा न आयें तो अच्छा होगा क्योंकि परिस्थितियां यहां अनुकूल नही है। मैंने अपनी ओर से नही कहा, यह वहा के पत्र ने कहा है।

प्रो० एस० नूरुल हसन : मै कंट्रेडिक्ट नहीं करना चाहता हू। लेकिन जहा तक मैंने सुना है, मुमकिन है टेलीफोन पर सुनने मे कुछ गड़बड हो गई हो, लेकिन मै इसरार नही करता हूं। लेकिन जहा तक मुझको पता लगा है, जिस परिस्थिति का जिक्र किया है वह इस इसिडेंट के जो रात को हुआ उसके बाद का उन्होंने कहा जब जयप्रकाश जी बनारस के बाबतपुर एयरपोर्ट पर पहुचे तब उन्होंने चिट्ठी भिजवाई।

यह कहना कि . . . . (*Interruptions*)

SHRI N. G. GORAY (Maharashtra): The Vice-Chancellor says that disturbances took place before his arrival. That's what you want to say ?

PROF. S. NURUL HASAN: This is my information. But my difficulty is that I have been trying to get part of the information on telephone and through telegrams, and...(*Interruptions*).

DR. K. MATHEW KURIAN (KERALA): Use telepathy...(*Interruptions*):

PROF. S. NURUL HASAN: I wish I had that power. But my good friend will teach it to me sometimes. It will be very useful in answering....

MR. DEPUTY CHAIRMAN: God forbid ! If you borrow it from Dr. Kurian, you will have a hell of trouble in the House...(*Interruptions*).

प्रो० एस० नूरूल हसन : यह आरोप जो लगाया गया है कि वाइस चांसलर ने यह कोशिश की कि यूनियन को फक्शन न करने दिया जाये, यह मैं समझता हू कि बडी ज्यादती है कि यह कहा जाये इसलिये कि मैं उसकी तफ्सील मे नही जाना चाहता हू कि क्यों वहा छात्र संघ के आफिस बियरर्स के इनस्ट्रालेशन मे देर हुई। अगर कोई पूछेगा तो मैं उसको अर्ज भी कर दूगा। लेकिन एक दिलचस्प चीज यह है कि बावजूद उन तमाम इरेगुलेरिटीज के जो यूनियन प्रेसिडेंट के दाखिले में हुई उस वाइस चासलर के मशविरे से तीन अध्यापक जो छात्र कल्याण समिति के मेम्बर थे उन्होंने श्री मोहन प्रकाश से 10 तारीख को तफसीली बात की। उस गुफ्तगू के बाद जो उनके समझौते हुए उनके तीन पाइंट थे। अगर आप इजाजत दे तो मै वह पढकर सुना दू ताकि हाउस को उनकी जानकारी हो जाये —

(1) The Chhatra Kalyan Samiti has an effective and decisive role to play in solving problems of students through dialogue and discussion between students and teacher members of the Samiti.

(2) The newly elected President will extend his full support and hearty co-operation to the teacher members of the Samiti in finding satisfactory solutions to student problems through a frank exchange of ideas and through sinecre efforts to reach a consensus.

(3) Any bitterness or resentment created by the past will be forgotten by all concerned, and a new chapter opened in establishing amity and goodwill between students, teachers and administration.

मैं यह कहूंगा कि वाइस चासलर ने इन्ही सिफारिशों के मुताबिक 13 तारीख मुकर्रर की जिसमे शपथ दिलाई जाये नये आफिस बेअरर्स को। इस के बाद भी छात्र सघ के सेक्रेटरी ने ऐसे अल्फाज इस्तेमाल किये जो हमारी परम्परा के खिलाफ है और जिस के कि माननीय सदस्य बहुत बड़े समर्थक है और हम को बड़ा नाज है उन पर जिस जगह से भारतीय परम्परा की बात वे उठाते रहते है यहा भी और सारे देश में उसकी चर्चा करते रहते है। बहरहाल मैं यह अर्ज करूंगा कि ऐसा रवैया अख्तियार करना, अपने वाइस चासलर को इस तरह से कहना और उस वाइस चांसलर को जिसकी खिदमत मे पूरा मुल्क वाकिफ है, मै समझता हूं कि किसी तरह से सराह्या नही जा सकता। एक तरफ तो वाइस चांसलर के मुह पर ऐसी बातें कही जायें और दूसरी माननीय सदस्य यह कहे कि इस पर इन्कवारी करायी जाये कि वाइस चांसलर झूठ बोल रहे है यह सही बोल रहे है मैं समझता हू...

श्री प्रकाशवीर शास्त्री: मै तो पूरे मामले पर इन्कवारी की बात कह रहा हू।

प्रो० एस० नूरूल हसन: इस किस्म के अल्फाज इस्तेमाल हो और उसके बाद यह कहे कि जा कर मै जांच कराऊ कि वाइस चासलर ठीक कह रहे हैं या गलत कह रहे है यह बड़ा मुश्किल है। मै यह अर्ज करना चाहता हू कि वाइस चासलर ने पूरी कोशिश की थी कि ऐसा वातावरण बने जिसमे छात्र सघ पूरी तरह से और अच्छी तरह से काम कर सके इसीलिये मैंने आपको यह पढ कर सुनाया। यह बड़ी बदकिस्मती है कि स्टुडेन्ट्स यूनियन के सेक्रेटरी ने पहले तो थैंटन किया और बाद मे नामुनासिब अल्फाज इस्तेमाल किये, नामुनासिब लहजा इस्तेमाल किया और उसके बाद रात को 11 बजे जमा होने के बाद करीब 12 बजे रात को वाइस चांसलर के घर पर चढ़ाई कर दी। यह जिम्मेदारी कि यूनियन को पूरी तरह से फक्शन नही करने दिया मेरी राय मे यह जिम्मेदारी युनिवर्सिटी के ऊपर कतई नही आती।

[प्रो० एस० नूरुल हसन]

जहां तक फोरेन स्टूडेन्ट्स का सवाल है उस के बारे मे टेलीफोन पर मुझे साफ नहीं हुआ। जहां तक मेरी जानकारी है फोरेन स्टुडेन्ट्स को होस्टल से हटाया नही गया है फोरेन स्टुडेन्ट्स होस्टल ही में है। मुमकिन है समझने में कुछ गड़बड़ हुई हो मैं उसको मजीद चैक अप कर लूंगा। लेकिन आम तौर पर यह हुआ है और जहा तक मै समझता हूं फोरेन स्टुडेन्ट्स को हटाया नहीं गया है।

श्री ओउम् प्रकाश त्यागी: आपकी टेलीफोन पर बात कैसी हुई कि आपको डाऊट रह गया ?

प्रो० एस० नूरुल हसन मुझे पता नहीं आप टेलीफोन पर बात करते है या नही।

श्री लोकनाथ मिश्र: हम लोगों को बात तो टेप होती है इसलिये साफ नही सुन सकते। आप को तो क्लीयर सुनना चाहिये।

प्रो० एस० नूरुल हसन: टेप जिसे आप टेप समझते हैं वह टेप नही होती वह तो कन्नैक्शन मे डिफैक्ट होता है इससे हम को भी मुश्किल पड़ती है

(*Interruptions*)

श्री प्रकाशवीर शास्त्री: समाचार-पत्रों में यह आया है कि विदेशी छात्रों को भी होस्टल से निकाला गया है।

प्रो० एस० नूरुल हसन: हमें जो पता लगा है उसमें यही है कि विदेशी छात्र वहीं पर है। जहां तक विदेशी स्टूडेन्ट्स के मुतालबों का सवाल है मैं समझता हूं पूरी तरह से वाइस चांसलर इन मुतालबों को गौर करते रहे है और इन मुतालबो को जहा तक मुमकिन हुआ, पूरा किया गया है। जहा तक इस बात का सवाल है कि स्टूडेन्ट्स के खिलाफ एक्शन लिया गया इस बारे मे मेरा कहना है कि पहले जितने एक्शन लिये गये वे हाई पावर जुडिशियर पर्सनेलिटी की इन्कवायरी के बाद ही यूनिवर्सिटी ने एक्शन लिया था।

मैं इस बात को खत्म करने के बाद यह अपील करता हूं कि इस आशा को जाहिर करने में सदन के तमाम हिस्से का यह अमर होगा कि लोग अपना दबाव, अपना प्रेशर इस्तेमाल करेंगे जिससे नार्मलसी यूनिवर्सिटी मे आ जाये।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We have taken exactly half an hour. Only one Member has sought the clarification. There are half a dozen other names.

SHRI LOKANATH MISRA: I will not take long.

SHRI KALYAN ROY: Is my name there?

MR. DEPUTY CHAIRMAN : No, your name is not there.

SHRI LOKANATH MISRA (Orissa): Sir, the Banaras Hindu University has to its credit the most eminent personalities of this country who were associated with its creation, with its maintenance and with its governance also. I think, the Banaras Hindu University has also created many of our eminent personalities of the country, may be, including yourself, Sir. I do not know.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I happen to be a product of the Banaras Hindu University.

SHRI BHUPESH GUPTA: Sir, is it permissible to flatter you in order to get more time?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I do'nt think, I will be flattered. Mr. Bhupesh Gupta, by now you should have known that no amount of flattery will deflect me.

SHRI LOKANATH MISRA: Sir, I am not in the habit of making any reflection on the Chair. It is his privilege all the time.

SHRI N. G. GORAY : Without offending you, one can take more time.

SHRI LOKANATH MISRA: I had the opportunity of knowing the present Vice-Chancellor—he was a Member of this House

and a member of the Government—for two years during my early years in Parliament when he was the Deputy Minister of Education. He ran into difficulty even here in connection with the Banaras Hindu University. I faintly recollect that he had brought in some Bill because of his tremendous attachment, probably, to the Banaras Hindu University. And he ran into a terrible rough whether in the House itself. May be, as a result of that particular action, he was dropped by the Late Pandit Jawahar Lal Nehru from the next Ministry. I do not know...

SHRI D. N. DWIVEDI (Uttar Pradesh): It is not correct...

SHRI LOKANATH MISRA: But you are too young to say that.

SHRI D. N. DWIVEDI: I was involved in that movement and so, I know more than you.

SHRI LOKANATH MISRA: May be, your knowledge is superior to mine always. But you are too young to vouchsafe that. Sir, as I was saying...

SHRI J. S. ANAND (Punjab): What is the age that will satisfy you for this vouchsafing?

SHRI LOKANATH MISRA: At least, there should be some kind of involvement with Shrimali to vouchsafe a matter like this. Sir, as I was saying, having taken up the Vice-Chancellorship of the Banaras Hindu University, which has a great tradition behind, Dr. Shrimali should have probably fared very well if he had the administrative capability and the capability to deal with the students. From the very start, when he took over as the Vice-Chancellor, there has been trouble in the Banaras Hindu University either by the students' union or by the teachers or by...

SHRI J. S. ANAND: The trouble was there even before him.

SHRI LOKANATH MISRA: May be, if he was a good administrator, he would have dealt with it. What we need is good administration. We do not want Dr. Shrimali in person. Therefore, if there was trouble before, then that Vice-Chancellor was incapable of dealing with the situation. Therefore, what we need is a more capable Vice-Chancellor. We do not want Dr. Shrimali personally. So, the CPI argument is always like that. If it suits the Soviet Union and the CPI, then it is all right. If it does not suit them, then everything is wrong. That is how they argue their case . . .

(Interruption).

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Do'nt get diverted to the CPI.

SHRI LOKANATH MISRA: That is their attempt all the time. I do not wish to get diverted.

SHRI KALYAN ROY (West Bengal): Sir, it is impossible to divert his attention from the loyalty to the monopoly class.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is very easy. When you mention CPI, he gets diverted.

SHRI LOKANATH MISRA: According to Mr. Kalyan Roy, if I have any loyalty to the monopoly class, then I have some loyalty in the country. I don't have, like Mr. Kalyan Roy, loyalty to Mr. Khruschev and Mr. Kosygin . . .

(Interruption).

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, you continue with your point.

SHRI LOKANATH MISRA: Sir, as I was saying, I was expecting Dr. Shrimali to behave better and he has failed. What we expected out of him in course of time, he has belied.

AN HON. MEMBER: What an astrologer you are?

SHRI LOKANATH MISRA: There are three unions in the Banaras Hindu University. Sir, you know, probably, much

[Shri Lokanath Misra]

better than I do about the working there. There are three unions. And it has been the attempt of Dr. Shrimali all the time to somehow install either the Congress union or the sister union of the Students' Federation in the University. But he has not been able to do it because of a predominant opinion against him. He has been partisan even in the case of appointments of teachers and professors; this has been the allegation all through against him because he wants only either the Congress-men or the C.P.I. people.

Sir, what we expect in a University like this is that the Vice-Chancellor should be a man of great scholarly eminence in the country. He should have administrative capability and at the same time should not be arrogant and should not be a Bureaucrat. He should not behave like a dictator.

(Time bell Rings)

Sir in this case unfortunately when this Union was elected, he delayed giving them or handing over the charge of the Union to them. They ran here. Some of them came here and met me and met Mr. Rajnarain and went about saying that they are denied their rightful charge of taking over the Union and that the Vice-Chancellor was standing in the way. That showed how partisan he was and he delayed the matter as much as he could; thereby creating bitterness even in the initial stages. They came here, they may have seen the Education Minister also, I do not know. But, somehow, ultimately they forced the Vice-Chancellor to hand over the charge to them. And, the day the charge was handed over, may be he must have felt very much ruffled against the Vice-Chancellor and may have said something against any kind of violence in the country and any kind of student unrest, unreasonable student unrest, in the country. I have been talking about it but unfortunately the Congress Party and the C.P.I. are the people who have been creating all the unrest in the country.

SHRI J. S. ANAND : You have no party and no base to do anything.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Do not get diverted.

SHRI LOKANATH MISRA: But, Sir, I have to reply to things particularly when they come from Members belonging to parties whose bases are in and whose dictations come from, the Soviet Union. They cannot go unreplied.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Lokanath Misra, you are very sensitive when you hear something from that side. Actually, I did not hear what he said. At least, I did not hear. You also ignore him.

DR. K. MATHEW KURIAN (Kerala): Sir, Chairman is not supposed to hear, but Members have to hear.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: But, not when Members are sitting and talking something.

SHRI LOKANATH MISRA: Sir, if action had been taken by the Vice-Chancellor, then there would not have been any kind of resentment from the leaders of the Students' Union who have taken over. Only because it was delayed and delayed purposely and they knew that the Vice-Chancellor did not want to hand over to them the charge because they were not to his liking, there was some misunderstanding amongst them; but he, as the Vice-Chancellor, who is supposed to be the guardian of the students, should have talked to them, should have sorted it out with them. Young men are not to be treated in this harsh manner; if a soft word, little love and affection had flowed down from the Vice-Chancellor, probably they would have mellowed down.

(Interruptions)

Sir, he tried to behave like a dictator. Therefore, Sir, I completely and fully agree with the demand made by Shri Prakash Vir Shastri that there should be a full-fledged inquiry into the working of the Banaras Hindu University and also identify the defects in its working. Dr. Shrimali

should immediately be withdrawn from there and a new Vice-Chancellor; who is regarded in this country as a great scholar and before whom the students would automatically bow down their head because of his scholarship, should be installed there.

DR. VIDYA PRAKASH DUTT (Nominated): Where are the students who would bow down before scholarship, I would like to know.

(Interruptions)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let him continue.

SHRI LOKANATH MISRA: Let me suggest some good things at least. Sir, what I suggest is that Dr. Shrimali should immediately be withdrawn and, as I suggested, somebody, who is respected in this country for his great scholarship, should be installed there as the Vice-Chancellor. Now, Sir,...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, I think, that will do.

SHRI LOKANATH MISRA: If you ask me to sit down, I will sit down.

PROF. S. NURUL HASAN: Sir, first of all I would like to express my strong disagreement with my honourable friend regarding his characterisation of Dr. Shrimali. I think that he is one of the very distinguished educationists of the country and that there is no question of Government lacking in showing respect to him as a very distinguished and eminent Indian and educationist. Unfortunately, Sir, people do not bow their heads before scholarship and show respect to scholars. There are too many persons whose examples can be quoted and I have no doubt that even if my learned friend were to be given such a responsibility he would soon discover that there are many who would take a contrary view in spite of all the love and affection that he may show to the students. I entirely agree that the students have to be treated with love and affection; there cannot be two opinions on it; but when they behave as students. But when they raid the house of a Vice-Chancellor at midnight and start breaking open into his house climbing up the backstairs, then I am sure he would agree that this is not a behaviour becoming of students and I do not think that one can expect that people who are motivated in such a way can only be dealt with by love and affection and the incident to which a reference has been made in the House and the many incidents which have occurred in various parts of the country where Vice-Chancellors have been attacked—one of them has been murdered and such things have happened are doings of a small section of the students but, nevertheless, public opinion should condemn these acts of violence and intimidation.

Sir, the appointments in the Banaras Hindu University are made in accordance with the statutes. Whenever any person has felt aggrieved and has made a representation to the Visitor, then in accordance with the Act and statutes of the University all the representations have been very carefully considered and examined and till now—I am subject to correction because I am speaking from memory—I do not remember any case where the Visitor came to the conclusion that any irregularity had been committed.

Sir, as I have said, this House knows undoubtedly that a few years ago the working of the Banaras Hindu University was carefully reviewed by a Committee headed by no less a person than Mr. Justice Gajendragadkar and it submitted its report which is known to this House—which has been discussed in this House—and therefore the question of appointing another committee does not arise.

Sir, I have read out from this the understanding of the Chhattra Kalyan Samiti to show to you that the unfortunate incident of violence and abuse that happened had nothing to do with the delay. The delay was because of irregularity in the admission of the student because of court cases and because of a writ petition in the Allahabad High Court. But, nevertheless,

[Prof. S. Nurul Hasan]

at the request of the Vice-Chancellor—as I read out—three teachers went into the matter and the whole question, difference of opinion, was sorted out and admission of the student was regularised.

SHRI M. KADERSHAH (Tamil Nadu): I would like to put only one question. The Government is setting up a bad precedent by appointing politicians as Vice-Chancellors. Those who win elections become MLAs, MPs or Ministers but those who are defeated become Governors or at least Vice-Chancellors in this Government. This is the root cause of all evils prevailing today in most of the universities in this country. May I ask the hon. Minister whether the Government will seriously consider to discontinue this practice of appointing politicians as Vice-Chancellors irrespective of their previous educational background and experience? It is surprising to note that the Government is unable to find sufficient qualified persons in the teaching line to be appointed as Vice-Chancellors.

DR. VIDYA PRAKASH DUTT: Do you think self-respecting people or self-respecting academicians would agree to be appointed as Vice-Chancellors any more?

SHRI M. KADERSHAH: There may be exceptions like Mr. V. P. Dutt. Has the Government reviewed the working of the BHU during the tenure of Dr. Triguna Sen when the University was almost free from all these troubles and also will the Government take a decision not to impose politicians on the teaching side too? When persons with political leanings are appointed they go to the university with political background of their party to which they belong and this naturally reflects in their day-to-day working and the managing of the affairs of the institution. It is high time that the Government listened to the humble suggestion and followed the recommendations made by the former Education Commissions appointed so far. It is deplorable that the recommendations of the Commissions appointed by Government itself are not accepted.

PROF. S. NURAL HASAN: Sir, my task is made very easy because the hon. Member is attempting to knock at the open door. Sir, the Vice-Chancellor of Delhi University is a distinguished professor of Chemistry. The Vice-Chancellor of Aligarh Muslim University is a distinguished professor of Economics. The Vice-Chancellor of Banaras Hindu University is a distinguished educationist with a Ph.D. in Education. The Vice-Chancellor of Viswa Bharati University is a distinguished professor of History. The Vice-Chancellor of North Eastern Hill University is a very distinguished Principal who has been in teaching line for a long time in Madras. The Vice-Chancellor of the University of Hyderabad is again a very distinguished professor of Chemistry. Therefore, the Central Government has been very careful in offering vice-chancellorship only to very eminent academicians.

